Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक


भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं


वर्ष ३० अंक- १६/२० प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - ३१ अक्टूबर २०२२ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)




## प्रधानमंत्री ने गांधीनगर और मुंबई के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प.सू.का/नईदिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर स्टेशन पर गांधीनगर-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और वहां से कालूपुर रेलवे स्टेशन तक ट्रेन से यात्रा की। प्रधानमंत्री के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी उपस्थित थे। दिनांक ३०.०६.२०२२ को प्रधानमंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस २.० के ट्रेन के डिब्बों का निरीक्षण किया और ऑनबोर्ड सुविधाओं का जायजा लिया। पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस २.० के लोकोमोटिव इंजन के कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने गांधीनगर और मुंबई के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के नए और उन्नत वर्जन को हरी झंडी दिखाई और वहां से कालूपुर रेलवे स्टेशन तक ट्रेन से यात्रा की। प्रधानमंत्री ने रेल कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों, महिला उद्यमियों और अनुसंधानकर्ताओं और युवाओं सहित अपने सहयात्रियों के साथ भी बातचीत की। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले श्रमिकों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की। इससे गुजरात के कारोबारियों को अहमदाबाद से गांधीनगर आने जाने के दौरान हवाई यात्रा जैसी सुविधाएं प्राप्त होगी और उन्हें हवाई जहाज के महंगे किराए का वह भी नहीं उठाना होगा। गांधीनगर से मुंबई तक वंदे भारत एक्सप्रेस २.० से एक तरफ की यात्रा में लगभग ६-७ घंटे का समय लगने का अनुमान है।

## ५जी का शुभारंभ भारत में दूरसंचार क्षेत्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है: अश्विनी वैष्णव



प.सू.का/नईदिल्लीः संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार, डिजिटल इंडिया का द्वार है और बदलाव के दौर में आज मजबूत दूरसंचार क्षेत्र की जरूरत है। अश्विनी वैष्णव इंडिया मोबाइल कांग्रेस, २०२२ के छठे संस्करण के उद्घाटन सत्र में सभा को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में ५जी सर्विस को लॉन्च करते हुए किया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरसंचार क्षेत्र को रणनीतिक क्षेत्र का दर्जा दिया है और उन्होंने इस क्षेत्र के सभी आयामों पर मार्गदर्शन दिया है और अब दूरसंचार तकनीक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस क्षेत्र को नियामक निश्चितता दी है और उस क्षेत्र को एक पारदर्शी व्यवस्था दी है, जो अब तक मुकदमों में उलझा रहता था। आज इन सुधारों के चलते, दूरसंचार एक उभरता हुआ उद्योग बन गया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज ५जी के लॉन्च के साथ ही अब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल अर्थव्यवस्था में जमकर विकास होगा और संचार का चेहरा बदल जाएगा। कोशिश यह है कि इनोवेटिव मॉडल के साथ ऑप्टिकल फाइबर के जरिए आखिर तक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाए। अश्विनी वैष्णव ने बीएसएनएल को बाजार स्थिरीकरण बल का दर्जा दिए जाने और १,६४,००० करोड़ का पैकेज उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया, जो बीएसएनएल के लिए ऐतिहासिक घटना है। आज दूरसंचार निर्माण में बुनियादी बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा की मोदी जी ने ४जी और ५जी के लिए स्वदेशी तकनीक को विकसित करने की चुनौती दी थी और अब भारत इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, साथ ही अब दुनिया भारत की दूरसंचार उद्योग की तरफ देख रही है। संचार राज्यमंत्री देवू सिंह चौहान ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आहवान के बाद भारत आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ रहा है।

## बाढ़ और सूखे से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार-सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः लखनऊः पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर सीएम ने अपने आवास पर किसानों को बीजों की मिनी किट बांटी। जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस सीजन में ६२ जिलों में समय से बारिश नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सूखे और बारिश दोनों से ही किसानों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए सरकार सहयोग करेगी। बाढ़ से जिन १२ जिलों में फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा उनके किसानों के लिए बतौर मुआवजा ८७६ करोड़ रुपए भेजे गए हैं। रविवार दिनांक २५.०६.२०२२ को सीएम किसानों को उन्नत शील बीजों की मिनी किट बांट रहे थे। सीएम ने कहा कि यूपी के किसान ने प्रदेश में रिकॉर्ड मात्रा में खाद्यान्न का उत्पादन कर प्रदेश का सामर्थ्य दिखाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों को 'मेरी पॉलिसी-मेरा खेत' प्रमाण पत्र, पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों को सोलर सिंचाई पंप का स्वीकृति पत्र वितरित किया। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, बलदेव ओलख, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल

# राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी वाक् प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज प्रयागराजः हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में १४ सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत आज ''नया भारतः उपलब्धियां और चुनौतियां'' विषय पर हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने नए भारत की उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और देश की उन्नति की भावी रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (बिजली) सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि इन सभी राजभाषा प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रकारांतर से हिंदी को बढ़ावा देना है। हमें हिंदी की भाषा, वर्तनी और व्याकरण के सही प्रयोग का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इस प्रक्रिया में हिंदी के देशज और इसमें समाहित विदेशी अभिव्यक्तियों और शब्दों का प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता, इच्छाशक्ति और सफलता का निरंतर स्वप्न देखने रहने का महत्व सर्वोपरि होता है। इस अवसर पर दूसरे निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप विसमुलेधिवित्त एवं बजट शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जीवन के हर पक्ष में सुविचारित योजना, तैयारी और स्पष्ट रूपरेखा सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। अपनी भाषा और राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार और प्रतिभागिता के क्षेत्र में भी हमें इस दृष्टि से कार्य करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में कृष्ण शुक्ला, वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग को प्रथम स्थान, अभिलेख पाराशर, वरिष्ठ लिपिक, वाणिज्य विभाग को द्वितीय स्थान तथा एम. एस. नजमी,वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर /टेली/निर्माण को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में सुमीत कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी/लेखा को प्रथम, विकास प्रसाद, यातायात निरीक्षक को द्वितीय तथा राजीव कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी/लेखा/निर्माण को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता में वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी/लेखा को प्रथम, शिल्पी झा, हेड कांस्टेबल, रेल सुरक्षा बल को द्वितीय तथा रंजय कुमार अम्बष्टा, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी/लेखा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पखवाड़ा के दौरान आयोजित आशुलिपि प्रतियोगिता में दीपू कुशवाहा, वरिष्ठ आशुलिपिक, वाणिज्य विभाग को प्रथम स्थान, भूधर प्रयागवंशी, आशुलिपिक, कार्मिक विभाग को द्वितीय तथा धीरेन्द्र कुमार भारती, आशुलिपिक, निर्माण/लेखा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को २६ सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा के मुख्य समारोह के दौरान महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान २४ सितंबर को बुंदेली लोकगीत आल्हा गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का संचालन राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय द्वारा किया गया।



मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मा० सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर जी के प्रीतमनगर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके दिवंगत पिता स्व० अमरनाथ सोनकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## सेंट्रल हास्पिटल, बिलासपुर में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर रक्तदान की महत्ता को समझते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक २२ सितंबर को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर के समन्वय में केन्द्रीय अस्पताल बिलासपुर में स्वैच्छिक रक्तदान एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, मण्डल रेल प्रबंधक, बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे। आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। सेन्ट जॉन एम्बुलेंस,सिविल डिफेंस, भारत स्काउट्स और गाइड जैसे स्वैच्छिक संगठनों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। सेंट्रल हास्पिटल, बिलासपुर में योजित रक्तदान शिविर में कुल ५५ यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा जाएगा तथा रेलवे अस्पताल में जरूरत के समय वहाँ से रक्त की आपूर्ति हो सकेगी ।

## राजभाषा पखवाड़ा के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन

रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,मुख्यालय में १४ सितंबर से ३० सितंबर' २०२२ तक राजभाषा पखवाड़ा-२०२२ मनाया जा रहा है। इस दौरान राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं रेलवे कार्यालयों में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु राजभाषा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक २२ सितंबर २०२२ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, जोनल सभाकक्ष में हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वाक् प्रतियोगिता के लिए विषय-१ आधुनिकीकरण के दौर में भारतीय रेल की चुनौतियां, और (२) वर्तमान परि-श्य में हिंदी की भूमिका एवं प्रासंगिकता रखा गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता के निर्णायकों की



भूमिका का निर्वाह डी.के.सिंह, उप मुख्य सरंक्षा अधिकारी (यातायात) एवं संतोष कुमार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी ने किया । इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए सिंह ने कहा कि आधुनिकीकरण के दौर में मानव को डर और चिंताओं से दूर हटकर उम्मीदों के साथ आगे बढ़ना होगा और जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में सामंजस्य बनाते चलना होगा । चूंकि हिंदी की प्रासंगिता आज के दौर में बढ़ गई है अतरू वर्तमान में अंग्रेजी की व्यापकता के बीच हिंदी में लेखन करने वाले उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए । वहीं कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभागी हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करें और दैनिक कार्य करते हुए हिंदी में लेखन कार्य के लिए समय अवश्य निकालें ।

इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।

-महात्मा गांधी

# केन्द्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. आजादी का अमृत महोत्सव के अंग के रूप में, केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में २२ सितंबर, २०२२ को एएमए ब्लड बैंक प्रयागराज के सहयोग से केंद्रीय चिकित्सालय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज डॉ जे पी रावत ने किया, जिन्होंने रक्तदान में स्वयंसेवकों का नेतृत्व और प्रेरित किया। अपने उद्घाटन भाषण में पीसीएमडी डॉ जे पी रावत ने इतनी विशाल आबादी वाले देश में ऐसे और शिविरों की आवश्यकता पर बल दिया और संतोष व्यक्त किया कि विभाग विनम्रतापूर्वक एक सामाजिक सरोकार की दिशा में काम कर रहा है। मेडिकल स्टाफ, आरपीएफ स्टाफ, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान कुल ३१ रक्तदान किए गए। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सा निदेशक डॉ रूपा कपिल, सीनियर डीएमओ डॉ उषा एसपी यादव, डॉक्टरों, चिकित्सालय एवं आरपीएफ स्टाफ, उत्तर मध्य रेलवे अधिकारियों और अन्य रेलकर्मियों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।



# डॉ शिवम शर्मा बने प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/समन्वय, किया पदभार ग्रहण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा(IRTS)के अधिकारी डॉ. शिवम शर्मा ने प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/समन्वय का पदभार दिनांक २६.०६.२०२२ को ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व शर्मा मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय का दायित्व निभा रहे थे।

उन्होने ने यह पदभार निवर्तमान वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/समन्वय कृष्ण शुक्ला से ग्रहण किया जिनका स्थानान्तरण उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में हो गया है। डॉ शिवम मूलतः अलीगढ़ के रहने वाले हैं और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के स्नातक हैं।

उन्होंने अपनी दन्त चिकित्सा मे स्नातक की पढ़ाई जे.एन. मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पूरी की है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने ट्विटर पर उत्तर मध्य रेलवे के ट्विटर हैंडल फालोवर्स की संख्या को ७५००० फलोवर्स तक बढ़ाया, डॉ शिवम शर्मा के कुशल प्रबंधन में प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित ICONIC WEEK 'आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन' कार्यक्रम के अंशों को माननीय प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम में स्थान मिला।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने कृष्ण शुक्ला को वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/समन्वय के रूप में उनके शानदार कामकाज के लिए बधाई दी और वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/समन्वय डॉ शिवम शर्मा का स्वागत किया।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# उत्तर मध्य रेलवे में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह २०२१-२२ का आयोजन दिनांक २१.०६.२०२२ को अरावली सभागार किया गया। इस अवसर पर शशि कांत सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुख्यालय एवं मंडलों के चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले १०२ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। समारोह के दौरान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये वित्त वर्ष २०२०-२१ की तुलना में २०२१-२२ में अधिक आय अर्जन व यात्री सेवा की दिशा में निरंतर किए गये अथक प्रयासो की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्यालय सभागार अनु त्रिपाठी, (मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/एफ एम), जितेन्द्र कुमार (उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक / एफएम), हिमांशु शुक्ला (उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक / दावा), विपिन कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / प्रयागराज, नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/झाँसी, एवं वीरेंद्र सिंह (सहायक वाणिज्य प्रबंधक / आगरा) उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण शुक्ला, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक द्वारा किया गया किया गया।

# महिला कल्याण संगठन की ओर से निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराजः उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से दिनांक १८.०६.२०२२ को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता तीन ग्रुप में करायी गयी। प्रथम ग्रुप (६ से ६ वर्ष) के बच्चों के लिए टॉपिक - बरसात का दिन अथवा मॉ के द्वारा बनाया गया आपका प्रिय भोजन अथवा छुट्टी के दिन आप क्या करते हो, द्वितीय ग्रुप (६ से १२ वर्ष) के बच्चों के लिए टॉपिक - आजादी का अमृत महोत्सव अथवा आपका प्रिय व्यक्ति/व्यक्तित्व अथवा आपने सम्पूर्ण ल कडाउन के समय विद्यालय बन्द होने पर क्या किया, तृतीय ग्रुप (१२ से १५ वर्ष) के बच्चों के लिए टॉपिक - मोबाइल फोन के फायदे व नुकसान अथवा जीवन में शारीरिक स्वास्थ्य और योग का महत्व अथवा क मनवेल्थ खेल-२०२२ में भारत की उपलब्धिय दिया गया था।इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा पूनम कुमार के साथ-साथ अलका मेहता,माधुरी सिंह, नूपुर अग्रवाल, रिचा वर्मा, मौसमी चौधरी एवं तरू शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को गिफ्ट प्रदान किया गया।

# झाँसी - खजुराहो के मध्य चला टिकट जांच अभियान


रे.स.ब्यूरो./सूत्रः झाँसी - खजुराहो के मध्य विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। स्टेशन डायरेक्टर झाँसी नीरज भटनागर के नेतृत्व में दिनांक : २३.०६.२२ को चलाए गए इस अभियान में कुल ८७ प्रकरण बिना टिकट / अनियमित यात्रा टिकट सहित पकडे गए जिनसे जुर्माना स्वरुप रु.५३४६०/- रेल प्रजस्व वसूल किया गया। उक्त अभियान में मुख्या वाणिज्य निरीक्षक आशीष शर्मा सहत मुख्य टिकट निरीक्षक आर के श्रीवास्तव, एस. श्रीवास्तव, डी के शर्मा, ताज अब्बास तथा रेल सुरक्षा बल सब इंस्पेक्टर सतीश लाथार सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

**सम्पादकीय**

# सियासत राजस्थान की

कांग्रेस के हालिया इतिहास में यह पहला मौका है, जिस तरह राजस्थान कांग्रेस में का सीन बन गया है, वह पूरी पार्टी के लिए शर्मिंदगी का एक नया अध्याय है। हालांकि प्रदेश में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच छत्तीस का आंकड़ा कोई नहीं बात नहीं। दूसरी ओर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की सचिन पायलट की आकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। इसे लेकर वह २०२० में तो खुली बगावत तक कर चुके हैं। वहीं सचिन पायलट के पास समर्थक विधायकों की संख्या बहुत कम है, यह एक बार फिर जाहिर हो चुका है। सीएम की कुर्सी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने धुर विरोधी को देने के हक में नहीं हैं। मगर ये बातें तो सबको पता हैं। फिर आखिर वह कौन सी समझदारी थी जिसके तहत कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व ने गहलोत को पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए मनाया, औपचारिक तौर पर भले सोनिया गांधी और राहुल गांधी कहें कि वे इस चुनाव में निरपेक्ष हैं, लेकिन सारे संकेत यही बता रहे हैं कि गहलोत को दस जनपथ का आशीर्वाद हासिल था। राष्ट्रीय अध्यक्ष और राजस्थान का मुख्यमंत्री दोनों पदों पर बने रहने की जो संभावना उन्होंने पिछले दिनों जताई थी, उसी से यह स्पष्ट हो जाना चाहिए था कि अध्यक्ष पद पर गहलोत को बैठाने का विचार उपयुक्त नहीं है। और फिलहाल दस जनपथ को छोड़ भी दें तो गहलोत कैसे अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनने को तैयार हो गए, लेकिन खुद गहलोत ने उस बयान से दूरी दिखाने के बाद जयपुर में जिस तरह का बवाल होने दिया, उससे प्रदेश कांग्रेस के सत्ता समीकरण में उन्हें जो भी तात्कालिक नफा-नुकसान हो, पार्टी के अंदर और बाहर एक वरिष्ठ नेता के रूप में उनकी छवि बुरी तरह प्रभावित हुई है।

# महाकुंभ के पहले पूरा होगा चौफटका रेल ओवर ब्रिज का काम



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः प्रयागराजः महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेलवे और जिला प्रशासन के अफसरों की पहली बैठक दिनांक २६.०६.२०२२ को सम्पन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी आरके सिंह, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद आदि अफसरों की मौजूदगी में कुंभ को लेकर किए जाने वाले कार्यो पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें तय हुआ सिविल प्रशासन, पुलिस एवं रेल के अधिकारियों की संयुक्त टीम का गठन कर प्रयागराज के सभी स्टेशनों का निरीक्षण कर वहां वांछित सुधारों और विकास कार्यो की सूची बना दी जाए। इसके अलावा छिवकी स्टेशन तक जाने वाले मार्ग का भी चौड़ीकरण होगा। रेलवे और जिला प्रशासन के अफसरों ने ऐसे ही तमाम मुद्दों पर मंथन किया। चौफटका में बनाए जाने वाले रेल ओवर ब्रिज से सूबेदारगंज स्टेशन की भी कनेक्टिविटी होगी। वर्ष २०२५ में लगने वाले महाकुंभ के पूर्व यह कार्य पूरा करने की तैयारी की गई है। बैठक में डीआरएम मोहित चंद्रा, डीएम संजय कुमार खत्री, एसएसपी शैलेश पांडेय आदि अफसर मौजूद रहे।

# हिमांशु शेखर उपाध्याय ने संभाला मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का पदभार



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः सिविल सेवा २००७ बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा (IRTS) के अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का पदभार दिनांक २६.०६.२०२२ को संभाल लिया। इससे पूर्व उपाध्याय उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (योजना) का दायित्व निभा रहे थे। उन्होने यह पदभार निवर्तमान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ शिवम शर्मा से ग्रहण किया जिनका स्थानान्तरण वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय), प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे के पद पर हो गया है। उपाध्याय मूलतः अंबेडकरनगर के रहने वाले हैं और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र से परास्नातक हैं तथा प्रतिष्ठित डॉ अमरनाथ झा छात्रवास के अंतरूवासी रहे हैं। उपाध्याय की छवि एक तेज तर्रार अफसर की है एवं वह उत्तर मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं जिसमें मंडल परिचालन प्रबंधक, झाँसी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य)/प्रयागराज मंडल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक आगरा एवं उप मुख्य यातायात प्रबंधक सह स्टेशन निदेशक, कानपुर प्रमुख हैं।

# झांसी मण्डल मे मनाया जा रहा है "स्वच्छता पखवाड़ा-२०२२"




रे.स.ब्यूरो./झांसी मण्डल मे "स्वच्छ पखवाड़े-२०२२" के अन्तर्गत "स्वच्छ अस्पताल दिवस" मनाया गया। दिनांक २२.०६.२२ को इस दौरान झांसी मण्डल रेल चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य इकाइयों की वृहद स्तर पर अभियान चलाकर साफ- सफाई करायी गयी। साफ-सफाई सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी स्टेशनों पर अधिकारी नामित किये गए, जिनके नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया प्इस दौरान दैनिक रूप से विभिन्न गतिविधियों तथा जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक, रैली, सभी स्टेशनों पर बैनर, बोर्ड आदि माध्यमों से जनमानस तथा रेलयात्रियों के मध्य स्वच्छता बनाए रखने हेतु सन्देश दिया जा रहा है। इस दौरान श्रमदान करते हुए पौधारोपण कर सम्पूर्ण रेलवे क्षेत्र को हरित किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे क लोनियों, चिकित्सालय, स्वास्थ्य इकाइयों सहित सभी वाटर बूथ तथा खानपान इकाइयों पर भी स्वच्छता तथा गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील के साथ-साथ सभी को स्वच्छता बनाये रखने हेतु शपथ ग्रहण भी करायी जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# CLEANLINESS DRIVE AT DIFFERENT STATIONS OF NORTH-SOUTH AND EAST-WEST CORRIDOR



Source-CPRO: Metro Railway / Kolkata: Metro Railway has been observing 'Swachhta Pakhwada' from 16th to 30th September, 2022. During this Pakhwada, intensive cleaning and sanitization drives at stations, trains, colonies, hospital and other railway establishments are being carried out.A special cleanliness drive was conducted. on 24.09.2022 at Park Street Metro Station. Banners and posters have been put on display. Repeated announcements were made through Public Address System to create awareness among the passengers about the importance of cleanliness in our life.This apart, Swachhta Abhiyan was undertaken at different Metro Stations of North-South Metro Corridor and all Metro Stations of the East-West Corridor.

# PCEE, Southern Railway to conduct inspection and speed trial between Valliyur and Nanguneri Railway stations

Source:CPRO/SR: Principal Chief Electrical Engineer, Southern Railway will be conducting a Statutory Inspection of the proposed Double line between Valliyur and Nanguneri stations in the Thiruvananthapuram Division of Southern Railway on 27th September, 2022.After inspection, A.K.Siddhartha, Principal Chief Electrical Engineer, Southern Railway will also conduct a high-speed trial run between Valliyur - Nanguneri railway station on 27th September, 2022 (Tuesday) between 13.00 hrs to 17.00 hrs.All users of railway lines between Valliyur and Nanguneri stations in Thiruvananthapuram Division are hereby cautioned not to approach/ trespass the Railway lines.

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने स्वच्छता पखवाडा पर 'स्वच्छता शपथ' दिलाई




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, आशुतोष गंगल ने उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलाई । इस अवसर पर उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और अनेक वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए गंगल ने कहा कि रेलगाडियों और रेल परिसरों को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्वच्छता पखवाडा के दौरान रेलवे स्टेशनों, रेलगाडियों, रेलपथों, रेलवे कालोनियों और अन्य रेल प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । रेल परिसरों को साफ-सुथरा रखने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वैबिनारों को आयोजन किया जायेगा। वैबिनार के दौरान विभिन्न सरकारी, प्राईवेट और गैर-सरकारी संगठनों के विशेषज्ञ और वक्ता सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर आज बडौदा हाउस में आयोजित एक वैबिनार में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण सचिव आशीष तिवारी ने संक्षिप्त वक्तव्य दिया जबकि निदेशक/साहस, सोनिया गागा, संस्थापक एवं निदेशक/व्हाय वेस्ट वेडनेस्डे और वरिष्ठ सलाहकारधगिज डॉ० रचना अरोड़ा ने भी अपने अनुभव साझा किए और स्वच्छता कार्यक्रमों के लिए अपने सुझाव दिए ।

रेलवे द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन, जल और ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भारतीय रेलवे की पहलों, रेलवे स्टेशनों की हरित रेटिंग और प्लास्टिक कचरे से निपटने तथा सर्कुलर इकोन मी के पहलुओं पर भी चर्चा की जायेगी ।

# यूपी बोर्ड से मिली ४०३ विद्यालयों को मान्यता




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराजः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से ४०३ नए विद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई है। इसमे सबसे से अधिक प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में कुल १३५ नए विद्यालय शामिल हैं। विशेष सचिव शासन ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक और सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजे पत्र में लिखा है कि इन विद्यालयों को मान्यता प्रदान किए जाने के संबंध में निर्धारित मानक/ शर्तों में यदि कोई कमी पायी जाती है तो संस्तुतिकर्ता अधिकारी उत्तरदायी होंगे। सूबे में कुल ४०३ विद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई है। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में १३५, मेरठ में ८५, वाराणसी में १०५, बरेली में १६, गोरखपुर में १६ नए विद्यालयों को वित्त विहीन मान्यता प्रदान की गई है। सूत्रों के अनुसार यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि लगभग तीन साल बाद नए विद्यालयों की मान्यता सूची जारी की गई है। इससे पहले २०१६ में विद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई थी। इन विद्यालयों को यूपी बोर्ड के पुराने मानक पर मान्यता दी गई है।

## त्योहारों के मद्देनजर ३१ अक्तूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक

रे.स.ब्यूरो./सूत्रः लखनऊः त्योहारों को देखते हुए पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर ३१ अक्टूबर तक रोक लगा दी गई है। इसके लिए आदेश डीजीपी मुख्यालय ने जारी कर दिए हैं। डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान की तरफ से सभी डीजी, एडीजी, पुलिस आयुक्त, जिला पुलिस, एसएसपी रेलवे, सभी पीएसी की कंपनियों के कमांडेंट, जोन और रेंज के अफसरों को पत्र भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि आने वाले त्योहारों को देखते हुए सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही छुट्टियां स्वीकृत की जाएंगी।

# बरेका सेंट जॉन्स एंबुलेंस ब्रिगेड का ग्रीष्मकालीन दीर्घ प्रशिक्षण शिविर का अजमेर में शुभारंभ



रे.स.ब्यूरो./सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड, बरेका का ग्रीष्मकालीन दीर्घ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक २४ सितंबर से ३० सितंबर तक सुपरवाइजर ट्रेनिंग सेंटर, अजमेर प्रांगण में किया गया। शिविर के माध्यम से सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों को प्राथमिक सहायता से संबंधित प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया। शिविर शुभारंभ दिनांक २६ सितंबर को मुख्य अतिथि उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ लोको, अजमेर राम अवतार यादव ने किया। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया एवं प्रशिक्षण शिविर सफलता की हार्दिक शुभकामना दी। कैंप कमांडर एवं एंबुलेंस अधिकारी राजेश कुमार ने विस्तार पूर्वक सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा प्राथमिक सहायता से संबंधित किए जा रहे हैं कार्यो को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस.जे.ए.बी. परेड कमांडर एच.एन सिंह, एंबुलेंस अधिकारी सर्बोध कुमार पटेल,बी.आर विश्वकर्मा, दूधनाथ प्रसाद के साथ काफी संख्या में एस.जे.ए.बी. के सदस्यगण उपस्थित रहें ।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
> महात्मा गांधी

# Grand organization of blood donation camp with the help of blood friend family at BLW Central Hospital






Source-CPRO: 23rd Sept 2022, let's raise our hands, donate blood and be healthy, along with the campaign, blood donation camp, free eye check-up camp and blood donor award ceremony were held in the auditorium of BLW Central Hospital. The program was duly inaugurated with lamp lighting by Chief Guest President District Panchayat Varanasi Smt. Poonam Maurya and Special Guest Chief Chief Medical Officer Dr. Devesh Kumar. A total of 60 people donated blood through blood donation camp. After donating blood, all the blood donors were honored with saplings and cloth bags for environmental protection and a message was also given for environmental awareness. On this occasion Smt. Poonam Maurya, Dr. Devesh Kumar, Shri Ram Janam Choubey, Rajesh Kumar, Dharmendra Singh, BD Dubey gave important information on the subject of blood donation.A large number of senior railway officers, doctors and railway personnel enthusiastically donated blood in the camp. Specially Smt. Sangeeta Prasad, Hari Kishore, Anil, Sanjay Kumar Gupta, Ajay Gupta, Shivkant Tripathi, Satish Kumar, Rajeev Kumar Rai, Durgesh Nandan, Sachin Jain, Ashtabhuja Mishra, Jai Mukherjee etc. contributed significantly in the program. In the end, thanks were given by the founder of Rakt Mitra Parivar Foundation, Mr. Rakesh Prasad and the program was graced by Mrs. Arya Deepa Mishra.

> हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात् भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
> डॉ जाकिर हुसैन

## 33rd Inter Railway, Railway Protection Force Wrestling Championship 2022 being organized by Railway Protection Force Delhi Division, Northern Railway






Source-CPRO: Dimpy Garg, DRM/Delhi was the Chief Guest on the auspicious occasion of the closing ceremony of 33rd Inter Railway, Railway Protection Force Wrestling Competition being held from 23.09.2022 at Northern Railway Wrestling Academy, Kishanganj, Delhi on 25.9.2022. On this occasion, Mr. Apoorva Agnihotri, Senior Divisional Security Commissioner (Coordination)/RPF, Delhi Division and Security Commissioner-I, Delhi West Mrs. Priyanka Sharma and other officers were also present. Winners of the competition were felicitated by the chief guest with medals & are motivated to display the same winning spirit in Inter Railway Wrestling Competition and All India Police Wrestling Competition. In the said competition, more than 90 wrestlers of 10 Railways and Railway Protection Special Force participated in 10 different weight categories and showed their stamina with disciplined.

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

## गांधी जयंती पर विशेष



२ अक्टूबर, १८६६ को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे, महात्मा गांधी को भारत के राष्ट्र के पिता के रूप में जाना जाता था। गांधी जयंती पर, जैसा कि नाम से पता चलता है, दुनिया भर के लोग महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं। वह दुनिया के उन कुछ नेताओं में से एक हैं जिनकी विरासत ने एक राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर एक स्थायी छाप छोड़ी है। गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन का प्रारंभ दांडी नामक गाँव में समुद्र के जल से नमक बनाकर करने का निश्चय किया १२ मार्च, १६३० को वह अपने ७६ सहयोगियों के साथ साबरमती आश्रम से २०० मील की दूरी पर समुद्रतट पर बसे गाँव दांडी के लिए निकल पड़े उनके इस निर्णय की सूचना पाकर अनेक उत्साही व्यक्ति, कार्यकर्त्ता, किसान, मजदूर उनके साथ हो लिए सुभाषचंद्र बोस ने दांडी यात्रा की तुलना नेपोलियन के 'पेरिस मार्च और मुसोलिनी के 'रोम मार्च' से की है.पटेल की गिरफ्तारी ने गुजगत की जनता को और भी उत्तेजित कर रखा थाय परंतु गाँधी ने उन्हें शांत और अहिंसक बनाए रखा. ५ अप्रैल, १६३० को गाँधी ने दांडी पहुँचकर समुद्र के पानी से नमक बनाया और शांतिपूर्ण अहिंसक ढंग से सरकारी कानून का उल्लंघन किया महात्मा गांधी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करने के लिए दुनिया भर के लोग अपने-अपने कस्बों और शहरों में इकट्ठा होते हैं। स्कूलों में विशेष समारोह आयोजित किए जाते हैं, अन्य शैक्षणिक संस्थान और समुदाय समारोह आयोजित करते हैं। जीवन, धर्म और जाति के सभी क्षेत्रों के लोग गांधी जयंती मनाने के लिए एकजुट होते हैं। कई स्थानों पर स्मारक गतिविधियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जहाँ विशेष प्रार्थना और एक साथ मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। छात्र विभिन्न गतिविधियों जैसे कला और शिल्प प्रतियोगिताओं, वाद-विवाद और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा में भाग लेते हैं। उनकी शिक्षाओं और विचारों ने समय की कसौटी पर खड़ा किया है और उनके अनूठे विचारों ने पहले कभी नहीं देखा जन आंदोलन बनाया जिसने समय के सबसे शक्तिशाली औपनिवेशिक साम्राज्य को अपने घुटनों पर ला दिया। महात्मा गांधी के विचारों, विचारों और उनके विचारों ने देश को गतिशील किया और जहां भी वे गए, जनता ने उन्हें भारी संख्या में शामिल किया। महात्मा गांधी ने १६४२ में प्रसिद्ध भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की। महात्मा गांधी का आंदोलन केवल विदेशी उत्पीड़कों से देश की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, उन्होंने समाज में जाति व्यवस्था, अस्पृश्यता जैसी बुराइयों के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी और समाज में समानता और भाईचारे के बारे में जागरूकता पैदा की।

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में चला वृहद सफाई अभियान

साभारः रेलवे बोर्ड के निर्देशन में "स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत" अभियान के तहत कोर एवं इसकी परियोजनाओं में दिं १६.०६.२०२२ से ०२.१०.२२ तक ''स्वच्छता पखवाड़ा" मनाया जा रहा है जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े। दिनांक २०.०६.२०२२ को स्वच्छ नीर दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत कार्यालयों एवं रेलवे कालोनियों में पानी की टंकी, फिल्टर प्लांट, पानी की सप्लाई के साथ-साथ उपलब्ध पानी की शुद्धता की जाँच एवं क्लोरीन की मात्रा को भी चेक किया गया। दिनांक २२.०६.२०२२ एवं २३.०६.२०२२ को कोर की सभी रेलवे क लोनियों में वृहद सफाई अभियान चलाया गया जिसमें रेलवे कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

दिनांक २६.०६.२२ एवं २७.०६.२०२२ को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कोर कार्यालय, रेस्ट हाउस एवं क्लब के प्रसाधनों में वृहद सफाई कार्यक्रम चलाया गया। इन विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि स्वच्छता को हम सभी अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएँ।

### सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## यात्रियों के लिए एस्केलेटर का उपयोग करना हुआ और सुविधाजनक

रे.स.ब्यूरो./सूत्रः उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल ने यात्रियों के लिए एस्केलेटर का उपयोग करना और सुविधाजनक बना दिया है। यात्रियों की लगातार शिकायत बनी रहती थी कि स्टेशन पर एस्केलेटर बन्द रहता है, जो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इमरजेन्सी बटन के दबाने से होता है। इसी परेशानी से निजात दिलाने के लिए प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर लगे सभी एस्केलेटर का ऑन लाइन एवं मोबाइल द्वारा जी पी एस के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रारम्भ की है। यह प्रणाली कम खर्च पर पूर्णतः विभागीय सम्पत्तियों का प्रयोग करके प्रयागराज मंडल के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई है। एस्केलेटर के बन्द होते ही स्टेशन के नियंत्रण कक्ष में मोबाइल पर संदेश प्राप्त होता है एवं वेबसाइट पर अलार्म के साथ अलर्ट प्रणाली क्रियान्वित हो जाती है। इस पर विद्युत कर्मचारी तत्काल उस एस्केलेटर को ठीक करता है। एस्केलेटर के ठीक होते ही मोबाइल पर पुनः संदेश प्राप्त होता है। इस प्रणाली के लगने से एस्केलेटर के बन्द होने के समय में अप्रत्याशित कमी आते ही यात्रियों के शिकायत में भी कमी आयी है। दूसरी तरफ इससे प्रत्येक एस्केलेटर पर निगरानी के लिए लगने वाले कर्मचारी की बचत हो रही है तथा एस्केलेटर की दशा एवं अनुरक्षण का प्रत्येक क्षण का डाटा संरक्षित हो रहा है। जिसका आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है। अभी यह प्रणाली प्रयागराज रेलवे स्टेशन के एस्केलेटर पर लगाया गया है।

जिसका परीक्षण सफल होने पर यह प्रणाली अन्य रेलवे स्टेशनों पर लगे एस्केलेटर एवं लिफ्ट पर लगाया जायेगा।



साभारः रसूलाबाद सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने शाल पहनाकर स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एवं एमएलसी अविनाश सिंह चौहान रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार कानपुर नगर जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण विधायक अरुण पाठक प्रदेश भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष प्रकाश पाल एवं रसूलाबाद विधानसभा संयोजक विजय मिश्रा आदि सहित सभी मंडल अध्यक्ष जिले के पदाधिकारी क्षेत्र के पदाधिकारी पूर्व जिला अध्यक्ष सभी उपस्थित थे।

# उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ आयोजित



साभारः उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा के मुख्य समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार ने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का माध्यम है। हिंदी उन राष्ट्रीय मूल्यों की प्रतीक है जो हमें अपनी समृद्ध विरासत और राष्ट्रीय आंदोलन से प्राप्त हुए हैं। ये हमारे संविधान की मूल भावना को प्रदर्शित करते हैं। इन्हीं कारणों से हिंदी को राजभाषा का संवैधानिक दर्जा दिया गया और आज पूरे देश की संपर्क भाषा और जन भाषा के रूप में हिंदी विविधता में एकता की संकल्पना को परिलक्षित करती है। प्रमोद कुमार ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे का संपूर्ण कार्यक्षेत्र साहित्य और संस्कृति की समृद्ध विरासत का गढ़ रहा है। यह क्षेत्र सुविख्यात हिंदी साहित्यकारों की जन्मस्थली अथवा कर्मस्थली रही है और इस क्षेत्र में हिंदी समृद्ध और परिष्कृत हुई है। प्रयागराज को तो साहित्य एवं संस्कृति की राजधानी भी कहा जाता है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमें ऐसी महान कर्मभूमि से जुड़ने का सुअवसर हमें प्राप्त हुआ है। यह संपूर्ण कार्यक्षेत्र सूर, तुलसी, मैथिलीशरण गुप्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा और हरिवंश राय बच्चन जैसे साहित्यकारों के रचना कर्म से सुवासित विशिष्ट साहित्यिक अंचल है, इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का नैतिक दायित्व है कि हम पूरी कर्तव्य भावना के साथ अपने सभी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह ने कहा कि हमारा देश विविध भाषाओं एवं बोलियों वाला विशाल देश है। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेता और हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले १०३ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार, महाप्रबंधक के सचिव एवं उपमहाप्रबंधक अजय सिंह तथा अन्य अधिकारियों को मुख्यालय की राजभाषा पत्रिका रेल संगम में उनके विशिष्ट लेख के लिए प्रशस्ति पत्र और मुख्य बिजली इंजीनियर/ईईएम अनुपम सिंहल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवीन्द्र वर्मा सहित अन्य अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने लोको पायलट अवधेश कुमार विश्वकर्मा के काव्य संग्रह 'रेल उद्गार' का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र भूषण पाण्डेय, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# रेलवे स्टेशनों पर ४६७ एस्केलेटर लगाकर दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया

प.सू.का/नई दिल्लीः भारतीय रेल विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है। दिव्यांगजनों, वृद्धों और बच्चों को रेलवे प्लेटफॉर्म पर आवाजाही में आसानी प्रदान करने के लिए 'सुगम्य भारत अभियान' के एक हिस्से के रूप में,भारतीय रेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर स्थापित करने में जुटा है। अब तक ४६७ स्टेशनों में लिफ्ट या एस्केलेटर उपलब्ध कराए गए हैं। एस्केलेटर नीति के अनुसार, आम तौर पर रेलवे द्वारा राज्यों की राजधानियों, १० लाख से अधिक आबादी वाले शहरों या प्रतिदिन २५००० से अधिक फुटफॉल वाले स्टेशनों पर एस्केलेटर स्थापित किए जा रहे हैं। अगस्त २०२२ तक अब तक ३३६ स्टेशनों पर १०६० एस्केलेटर उपलब्ध कराए जा चुके हैं। रेलवे प्लेटफॉर्म पर एस्केलेटर और लिफ्ट का प्रावधान इसी का एक हिस्सा है और यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए यह एक आवश्यकता भी है। इस तरह की सुविधा से यात्रियों के बाहर निकलने/प्रवेश करने की सुविधा बढ़ेगी। साथ ही,यह यात्री सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक और कदम है।

# बनारस रेल इंजन कारखाना में राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न

रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी में मनाए जा रहे राजभाषा पखवाड़ा - २०२२ के अंतर्गत आज दिनांक २२.०६.२०२२ को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल ६३ प्रतिभागियों, जिसमे बरेका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य राम जन्म चौबे, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह, जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार सहित अनेक कर्मचारी गण उपस्थित रहे।








## पूजा, दीपावली एवं छठ के अवसर पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन



रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत पूजा, दीपावली एवं छठ के अवसर पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

### गाड़ी संख्या 01025/01026 दादर-बलिया (सप्ताह में तीन दिन)

**दादर सेः** गाड़ी संख्या 01025, प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुकवार, दिनांक 03.10.2022 से 31.10.2022 तक।

**बलिया से :** गाड़ी संख्या 01026, प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार, दिनांक 05.10.2022 से 02.11.2022 तक।

**गाडी संरचना -** सामान्य श्रेणी- 03, स्लीपर श्रेणी- 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01 एवं एसएलआरडी- 02

| गाड़ी संख्या - 01025 दादर - बलिया | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 01026 बलिया - दादर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:15 | दादर | 03:35 | ---- |
| 06:45 | 06:50 | बीना | 11:40 | 11:45 |
| 07:55 | 08:00 | ललितपुर | 10:25 | 10:30 |
| 08:40 | 08:42 | टीकमगढ़ | 08:40 | 08:42 |
| 09:20 | 09:22 | खड़गपुर | 07:40 | 07:42 |
| 10:35 | 10:37 | छतरपुर | 07:00 | 07:02 |
| 12:10 | 12:40 | खजुराहो | 05:30 | 06:10 |
| 13:40 | 13:42 | महोबा | 04:03 | 04:05 |
| 14:45 | 14:47 | बाँदा | 03:00 | 03:02 |
| 16:05 | 16:07 | चित्रकूटधाम कर्वी | 01:25 | 01:27 |
| 16:48 | 16:50 | मानिकपुर | 00:55 | 00:57 |
| 18:50 | 19:15 | प्रयागराज जं. | 21:35 | 21:50 |
| 01:45 | ---- | बलिया | ---- | 15:15 |

### गाड़ी संख्या 01027/01028 दादर-गोरखपुर (सप्ताह में चार दिन)

**दादर सेः** गाड़ी संख्या 01027, प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार, शनिवार एवं रविवार, दिनांक 01.10.2022 से 30.10.2022 तक।

**गोरखपुर से :** गाड़ी संख्या 01028, प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार, दिनांक 03.10.2022 से 01.11.2022 तक।

**गाडी संरचना -** सामान्य श्रेणी- 03, स्लीपर श्रेणी- 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01 एवं एसएलआरडी- 02

| गाड़ी संख्या - 01027 दादर - गोरखपुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 01028 गोरखपुर - दादर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:15 | दादर | 03:35 | ---- |
| 06:45 | 06:50 | बीना | 11:40 | 11:45 |
| 07:55 | 08:00 | ललितपुर | 10:25 | 10:30 |
| 08:40 | 08:42 | टीकमगढ़ | 08:40 | 08:42 |
| 09:20 | 09:22 | खड़गपुर | 07:40 | 07:42 |
| 10:35 | 10:37 | छतरपुर | 07:00 | 07:02 |
| 12:10 | 12:40 | खजुराहो | 05:30 | 06:10 |
| 13:40 | 13:42 | महोबा | 04:03 | 04:05 |
| 14:45 | 14:47 | बाँदा | 03:00 | 03:02 |
| 16:05 | 16:07 | चित्रकूटधाम कर्वी | 01:25 | 01:27 |
| 16:48 | 16:50 | मानिकपुर | 00:55 | 00:57 |
| 18:50 | 19:15 | प्रयागराज जं. | 21:35 | 21:50 |
| 02:45 | ---- | गोरखपुर | ---- | 14:25 |

### गाड़ी संख्या 02105/02106 लोकमान्य तिलक (ट.) - गोरखपुर सुपर फास्ट विशेष साप्ताहिक

**लोकमान्य तिलक (ट.) सेः** गाड़ी संख्या 02105, प्रत्येक बुधवार, दिनांक 19.10.2022 से 26.10.2022 तक।

**गोरखपुर से :** गाड़ी संख्या 02106, प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक 21.10.2022 से 28.10.2022 तक।

**गाडी संरचना -** सामान्य श्रेणी- 06, स्लीपर श्रेणी- 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

| गाड़ी संख्या - 02105 लोकमान्य तिलक(ट.) - गोरखपुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 02106 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:15 | लोकमान्य तिलक(ट.) | 13:15 | ---- |
| 21:55 | 22:00 | बीना | 19:55 | 20:00 |
| 00:00 | 00:05 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 17:25 | 17:30 |
| 01:20 | 01:22 | उरई | 15:40 | 15:42 |
| 04:20 | 04:25 | गोविन्दपुरी | 13:45 | 13:50 |
| 05:55 | 05:57 | फतेहपुर | 11:30 | 11:32 |
| 08:25 | 08:30 | प्रयागराज जं. | 09:55 | 10:00 |
| 17:15 | ---- | गोरखपुर | ---- | 03:00 |

नोटः- उपरोक्त ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या **Rail Madad Mobile App** या वेबसाइट **railmadad.indianrailways.gov.in** का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे** 1348/22 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

# ५जी, देश के द्वार पर नए दौर की दस्तक-पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ०१ अक्टूबर, २०२२ को नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के छठे संस्करण का उद्घाटन और ५जी सेवाओं का शुभारंभ किया।

प.सू.का/नईदिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नए तकनीकी युग की शुरुआत करते हुए, नई दिल्ली के प्रगति मैदान में ५जी सेवाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने छठी इंडिया मोबाइल कांग्रेस का भी उद्घाटन किया और इस अवसर पर आईएमसी प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। दिनांक ०१.१०.२०२२ को इस ऐतिहासिक अवसर पर उद्योगजगत के दिग्गजों ने अपने विचार व्यक्त किए। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने २०४७ तक एक विकसित राष्ट्र के विजन को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "सरकार के प्रत्येक कार्य और नीति को भारत को लक्ष्य की ओर ले जाने के लिए कुशलता से तैयार किया गया है। भारत के ५जी युग में तेजी से आगे बढ़ने के लिए उठाए गए कदम हमारे प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने शिक्षा, शिक्षा और जलवायु आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ५जी की संभावनाओं के बारे में बताया। मुकेश अंबानी ने कहा,"आपके नेतृत्व ने भारत की प्रतिष्ठा, प्रोफाइल और शक्ति को वैश्विक स्तर पर इतना बढ़ाया है, जितना पहले कभी नहीं। आज की तेजी से बदलती दुनिया में एक पुनरुत्थानशील भारत को शीर्ष पर चढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि ५जी का शुभारंभ एक नए युग की शुरुआत है और चूंकि यह आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हो रहा है, इसलिए यह इसे और भी खास बनाता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में नई ऊर्जा का संचार होगा। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास प्रधानमंत्री के रूप में एक ऐसा नेता है, जो तकनीक को बहुत बारीकी से समझता है और देश के विकास के लिए बेजोड़ तरीके से उसका इस्तेमाल सुनिश्चित करता है।" मित्तल ने कहा कि यह विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए एक वृहद अवसर खोलेगा। उन्होंने आधारभूत संरचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के समय से लेकर प्रधानमंत्री की पहल को याद किया। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान गांवों और घरों तक यातायात सीमित हो गया था, किंतु देश की धड़कन एक पल के लिए भी नहीं रुकी। इसका श्रेय डिजिटल विजन को जाता है। उन्होंने मेक इन इंडिया के विजन की दृढ़ता और उपलब्धि की भी सराहना की। मित्तल ने कहा, डिजिटल इंडिया के साथ, प्रधानमंत्री ने स्टार्ट-अप इंडिया अभियान को भी आगे बढ़ाया और जल्द ही, भारत में यूनिक र्न की संख्या में वृद्धि होने लगी। उन्होंने कहा, ५जी के आगमन के बाद, मुझे विश्वास है कि भारत विश्व में कई और यूनिक र्न जोड़ेगा। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का शिखर सम्मेलन भले ही वैश्विक हो, किंतु इसका प्रभाव और निर्देश स्थानीय हैं। उन्होंने कहा कि २१वीं सदी के तेजी से विकसित हो रहे भारत के लिए आज का दिन विशेष है। प्रधानमंत्री ने कहा, "आज देश की ओर से, देश की टेलीकॉम इंडस्ट्री की ओर से, १३० करोड़ भारत वासियों को ५जी के तौर पर एक शानदार उपहार मिल रहा है। ५जी, देश के द्वार पर नए दौर की दस्तक है। ५जी, अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत है। मैं प्रत्येक भारतवासी को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ५जी के इस लॉन्च और प्रौद्योगिकी की शुरुआत में, ग्रामीण क्षेत्र और कामगार समान भागीदार हैं। ५जी के शुभारंभ पर एक और संदेश पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, नया भारत, टेक्नॉलजी का सिर्फ कंज्यूमर बनकर नहीं रहेगा, बल्कि भारत उस टेक्न लजी के विकास में, उसके इंप्लीमेंटेशन में एक्टिव भूमिका निभाएगा। भविष्य की वायरलेस टेक्नोलॉजी को डिजाइन करने में, उससे जुड़ी मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बड़ी भूमिका होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि २जी, ३जी, ४जी के समय भारत टेक्नॉलजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा। लेकिन ५जी के साथ भारत ने नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा, ५जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नॉलजी में ग्लोबल स्टैंडर्ड तय कर रहा है।

# यात्री सुविधाओं के मद्देनजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बैठक आयोजित




रे.स.ब्यूरो./बिलासपुर रेणुका सिंह, राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने आलोक कुमार, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों की बैठक महाप्रबंधक सभागार में किया। राज्यमंत्री रेल विकास कार्यों तथा परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने पर बल दिया। इस दौरान अपर महाप्रबंधक सहित विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

बैठक के दौरान रेणुका सिंह राज्यमंत्री ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, इस जोन के क्षेत्राधिकार में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं, महिला सुविधा एवं सुरक्षा, शिकायत निवारण तंत्र तथा वोकल फॉर लोकल के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के संबंध में जायजा लिया।

इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से माननीया राज्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से यात्री सुविधाओं, परियोजनाओ तथा जोन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया।

आलोक कुमार, महाप्रबंधक ने राज्यमंत्री को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में किए जा रहे सभी रेल विकास कार्यों तथा महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने हेतु आश्वस्त किया। रेणुका सिंह राज्यमंत्री ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत यात्री सुविधाओं, महिला सुविधा एवं सुरक्षा तथा निर्माणाधीन महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष जाहिर किया ।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पुनर्विकास के लिए कैबिनेट ने दी मंजूरी

प.सू.का/नईदिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग १०,००० करोड़ के कुल निवेश के साथ तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के भारतीय रेलवे के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिसमे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन तथा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), मुंबई शामिल है।रेलवे स्टेशन किसी भी शहर के लिए एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय स्थान होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के बदलाव में स्टेशनों के विकास को महत्व दिया है। कैबिनेट का फैसला स्टेशन विकास को नई दिशा देता है। १६६ स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। इनमें से ४७ स्टेशनों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। बाकी स्टेशनों के लिए मास्टर प्लानिंग और डिजाइन का काम चल रहा है। ३२ स्टेशनों पर तेजी से काम हो रहा है। आज कैबिनेट ने ३ बड़े स्टेशनों अर्थात् नई दिल्ली, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), मुंबई और अहमदाबाद रेलवे स्टेशनों के लिए, १०,००० करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। स्टेशन डिजाइन के मानक तत्व इस प्रकार होंगे। प्रत्येक स्टेशन में एक ही स्थान पर सभी यात्री सुविधाओं के साथ खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के लिए एक विशाल रूफ प्लाजा (३६/७२/१०८ मीटर) होगा। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर स्टेशन भवन के साथ शहर के दोनों किनारों को स्टेशन से जोड़ा जाएगा। फूड कोर्ट, वेटिंग लाउंज, बच्चों के खेलने की जगह, स्थानीय उत्पादों के लिए जगह आदि सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। शहर के भीतर स्थित स्टेशनों में सिटी सेंटर जैसी जगह होगी। स्टेशनों को आरामदेह बनाने के लिए, पर्याप्त रोशनी, वे फाइंडिंग/संकेत, ध्वनिकी, लिफ्ट/ एस्कलेटर/ ट्रेवलेटर्स होंगे। पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं के साथ यातायात के सहज संचालन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है।

परिवहन के अन्य साधनों जैसे मेट्रो, बस आदि के साथ एकीकरण होगा। सौर ऊर्जा, जल संरक्षण/ रिसाइकिलिंग और बेहतर ट्री कवर के साथ ग्रीन बिल्डिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

आप सभी को रेल समाचार ब्यूरो की तरफ से
दशहरा/ दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं



प्रधान सम्पादक-
ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044

# स्वच्छ भारत बनाए बिना पूरा नहीं होगा विकसित भारत का सपना: अनुराग ठाकुर





प.सू.का/नईदिल्लीः केंद्रीय युवा कार्यक्रम खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से स्वच्छ भारत-२०२२ की शुरुआत की। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्ष भी १ से ३१ अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की शुरुआत प्रयागराज से ही की गई थी और इस वर्ष भी यहीं से यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज मे संगम तट पर पहुंच कर नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना और बड़ी संख्या मे लोगों के साथ प्लास्टिक का कचरा बीनने का कार्य किया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना पूरा किए बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता है और उन्होने प्रधानमंत्री के ५ संकल्पों को सभी लोगों को साथ मिलकर पूरा करने का आह्वान किया। एक संकल्प पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाना है, जिसके लिए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और सशक्त भारत की परिकल्पना करते हुए इस पर कार्य किया जा रहा है जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने जापान देश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के खिलाड़ी रूस में फुटबॉल मैच हारने के बाद लौटे लेकिन वहां उन्होंने अपने द्वारा उपयोग की गई सभी स्थलों और वस्तुओं को स्वच्छ किया तो इससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिली और एक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने पुनः प्रयागराज के नागरिकों से आवाह्न किया कि एक बार पुनः इस शहर को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाकर पहले स्थान पर लाएं। ठाकुर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की स्वतंत्रता की १००वीं वर्षगाँठ पर अमृतकाल की ओर देश के तेजी से बढते कदम पर पूरा देश समेकित प्रयास से अगले एक महीने में १०० लाख किलो कूड़ा इकठ्ठा कर उसका निस्तारण करेगा। उन्होंने कहा देश को प्लास्टिक मुक्त करने की जिम्मेदारी सिर्फ युवाओं की ही नहीं है बल्कि इसमें सरकारी कर्मचारी, अधिकारी, बेटा- बेटी सभी को साथ मिलकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक गलता और सडता नहीं है जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां और समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा की प्लास्टिक से भारत मां को बचाना है उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के बचाव की जिम्मेदारी सभी को साथ मिलकर निभानी है, इसका भार सभी के कंधों पर है।

# चला टिकट जांच अभियान



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः झांसीः वीरांगना लक्ष्मीबाई – कानपुर खंड पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक सीमा तिवारी के नेतृत्व में दिनांकः २७.०६.२२ को विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया द्य इस दौरान विशेष तौर पर गाडी सं ११106 तथा १५०६५ में सघन जांच करायी गयी। वाणिज्य निरीक्षक अमित मिश्र एवं ASI विष्णु बिन्द द्वारा करायी गयी। जांच के दौरान अनियमित यात्रा टिकट / बिना टिकट यात्र करते हुए ६० यात्रि पकडे गए जिन से जुर्माना स्वरूप रू. ५१५६०.०० वसूल किए गए।

# मंडल रेल चिकित्सालय में एडवान्सड सी-आर्म मशीन का हुआ उद्घाटन



रे.स.ब्यूरो./सूत्रःमंडल रेल चिकित्सालय झाँसी के अ परेशन थियेटर में नव-स्थापित ऑपरेटिव लैप्रोस्कोप एवं एडवान्सड सी-आर्म मशीन (Advanced C&ARM Machine) का उद्घाटन दिनाँक २८.०६.२०२२ को मंडल रेल प्रबन्धक झाँसी आशुतोष द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रविन्द्र प्रसाद एवं रेनू गौतम अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, झाँसी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।सी-आर्म मशीन की मदद से हड्डी एवं जोड़ों के जटिल से जटिल अ परेशन किये जाते है। इस मशीन द्वारा अ परेशन के दौरान रियल टाईम इमेज तत्काल रूप से लिया जा सकता है एवं हड्डी एवं जोड़ों का ऑपरेशन सुगमता और सटीक तरीके से किया जा सकता है। आपरेटिव लैप्रोस्कोप मशीन द्वारा जनरल / यूरोल जिकल सर्जरी करने में बड़े चीरे ना लगाकर छोटे छेद (Key hole) द्वारा जटिल से जटिल आपरेशन किया जाता है। सर्जरी के उपरान्त मरीज बहुत कम समय मे स्वस्थ हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रविन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / प्रशासन डा. सुरेन्द्र नाथ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अपर डा. आभा जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. महेन्द्र सिंह यादव (फिजीशियन), अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एन.के. गुप्ता, वरि. मंडल चिकित्सा अधिकारी डा. सुनीता तिर्की (स्त्री एवं प्रसुति विशेषज्ञ) वरि मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, मंडल चिकित्सा अधिकारी (पैरा मेडिकल स्टाफ और कार्यालय स्टाफ उपस्थित हुआ।

# ४५वाँ अखिल भारतीय रेल सुरक्षा बल कबड्डी के समापन अवसर पर महाप्रबंधक ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः हाजीपुर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में रेल सुरक्षा बल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिनांक २६.०६.२०२२ को ''४५वाँ अखित भारतीय रेल सुरक्षा बल कबड्डी एवं छठी योगा प्रतियोगिता'' का समापन हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।तीन दिनों तक चले कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन २६.०६.२०२२ को दक्षिण रेलवे और उत्तर रेलवे के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें उत्तर रेलवे की टीम ने दक्षिण रेलवे की टीम को पराजित कर विजेता रही। दक्षिण रेलवे की टीम तथा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की टीम क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर ही। इसी तरह योगा प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल १०४५ अंक के साथ प्रथम स्थान पर ही। जबकि उत्तर रेलवे और दक्षिण रेलवे क्रमशः ६३५ एवं ६१० अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। सभी टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा एवं सभी ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया । विदित हो कि पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में ''४५वीं अखित भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कबड्डी प्रतियोगिता एवं छठी अखित भारतीय रेलवे सुरक्षा बल योगा प्रतियोगिता की शुरूआत दिनांक २७.०६.२०२२ को की गई थी । इस प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल, उत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे सहित अन्य क्षेत्रीय रेलों/उत्पादन इकाइयों की १५ टीमों ने भाग लिया ।



चित्रगुप्त सेना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की ११८वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# अयोध्या को विश्व पर्यटक केंद्र बनाने के लिये राज्य और केंद्र सरकार तत्पर- जी. किशन रेड्डी



पसूक/नई दिल्लीः केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में लता मंगेश्कर चौक का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर बोलते हुए जी. किशन रेड्डी ने कहा कि अयोध्या को विश्व पर्यटक केंद्र बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार संयुक्त रुप से काम कर रही है।

रेड्डी ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ''लता स्मृति चौक'' आने वाली नवजवान पीढी को लता दीदी की याद दिलायेगा और उनके गीत, गजल और भजन सेना के जवानों और नागरिकों को राष्ट्रभक्ति के लिये प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लता दीदी के जीवन के संघर्षो और मेहनत का ही नतीजा था कि उन्हें भारत रत्न पुरुस्कार से नवाजा गया।

जी. किशन रेड्डी ने कहा कि लता दीदी ने विभिन्न भाषाओं में लगभग तीस हजार गाने और भजन गाये। रेड्डी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमे गर्व महसूस हो रहा है कि भारत रत्न लता जी की स्मृति में बने चौक के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मुझे आमंत्रित किया है।


लता जी ने भगवान श्रीराम चन्द्र जी के जीवन से सम्बंधित अनेको भजन गाये है, जो विभिन्न भाषाओं में गाये है हम दक्षिण राज्य से आते है हमारी मातृभाषा तेलगू है हम इनके भगवान राम से सम्बंधित भजन तेलगू में सुनते रहते है। हमारा मंत्रालय संस्कृति के उत्थान के लिए संकल्पित है इसके उत्थान में कोई कमी नही आने दी जायेगी।

# बड़े पैमाने पर भारतीय रेलवे डिजिटल इंडिया पहल को दे रहा है बढ़ावा

पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेलवे में डिजिटल इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयों के माध्यम से खाद्य पदार्थो की खरीद के लिए डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जा रहा है और ८८७८ स्थिर इकाइयों में डिजिटल भुगतान की सुविधा है। इसके अलावा, खानपान इकाइयों में हैंडहेल्ड पीओएस मशीनें मुद्रित बिल और रसीदें बनाने के लिए प्रदान की जा रही हैं जो किए गए लेनदेन के सभी विवरणों को दर्शाती हैं और ओवरचार्जिंग की शिकायतों को दूर करती हैं। वर्तमान में ५६६ ट्रेनों में ३०८१ पीओएस मशीनें उपलब्ध हैं। ४३१६ स्थिर इकाइयां पीओएस मशीन के साथ उपलब्ध हैं। ट्रेनों में यात्रियों के लिए उपलब्ध विकल्पों की सीमा को बढ़ाने के लिए, भारतीय रेलवे पर ई-खानपान सेवाएं शुरू की गई हैं।

# रेलवे ट्रैक परियोजनाओं को जल्द पूरा करने को प्राथमिकता दे रही है भारतीय रेलवे

पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेलवे ल जिस्टिक्स की इकाई लागत को घटाकर न्यूनतम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रही है। हाल ही में रेलवे पटरियों से संबंधित रेल अवसंरचना परियोजनाओं को काफी बढ़ावा दिया गया है और इसके परिणाम स्वरूप एक प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। पिछले वर्ष की तुलना में अप्रैल-सितंबर (अब तक) की अवधि में रेलवे ट्रैक परियोजनाओं यानी नई लाइनों, आमान परिवर्तन और मल्टी-ट्रैकिंग (दोहरीकरण/तिहरीकरण) की प्रगति में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष के दौरान २१ सितंबर, २०२२ तक रेलवे ने नई लाइनों, आमान परिवर्तन और मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं के १३५३ ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) का काम पूरा कर लिया है। सितंबर महीने में ही इसमें १५० टीकेएम को और जोड़े जाने की संभावना है। यह संयुक्त आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के पिछले आंकड़े के तीन गुना से भी अधिक है। पिछले साल ३० सितंबर, २०२१ तक ४८२ टीकेएम का काम पूरा किया गया था। चालू वित्त वर्ष के दौरान अब तक ४२ टीकेएम नई लाइनों, २८ टीकेएम आमान परिवर्तन और १२८३ टीकेएम मल्टी ट्रैकिंग का काम पूरा किया जा चुका है। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष के दौरान (सितंबर २०२१ तक) केवल ४ टीकेएम आमान परिवर्तन और ४७८ टीकेएम मल्टी ट्रैकिंग का काम पूरा किया गया था। इसी अवधि के दौरान नई लाइनों में कोई प्रगति हासिल नहीं की गई थी।





# अमित शाह ने किया गुजरात के अहमदाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित



पसूका/नई दिल्ली: केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दिनांक २६.०६.२०२२ को केन्द्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अनेक सालों से इस क्षेत्र के१ ६४ गांव संपूर्ण सिंचाई व्यवस्था से वंचित रहे हैं, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में गुजरात सरकार ने इसी कड़ी में फतेवाड़ी, खारीकट व नलकंठा क्षेत्र के १६४ गांवों को नर्मदा कमांड में शामिल कर सिंचाई से जुडी समस्या को समाप्त किया है। अब सिंचाई की समस्या से परेशान १६४ गाँव के किसानों की ५३२१५ हेक्टेयर भूमि तक नर्मदा का पानी पहुंचाने का काम किया गया है, जिससे लाखों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि अब नहर के माध्यम से नर्मदा का पानी आएगा और इस ७० हजार हेक्टेयर भूमि पर किसान तीन उपज पैदा कर सकेंगे तो ये क्षेत्र समृद्धि से परिपूर्ण हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही नर्मदा का पानी गुजरात में यहां तक लाए थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने १६६४ से नर्मदा योजना को किसी ना किसा बहाने से रोककर रखा था, लेकिन जब नरेन्द्र मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने सबसे पहले गुजरात के भागीरथ के रूप में काम करके नर्मदा योजना को अहमदाबाद तक पहुंचाने का कार्य किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले ८ सालों में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। कृषि बीमा को वैज्ञानिक और लोगों के लिए आकर्षक बनाने के लिए इतना आसान बना दिया कि आम लोग उसे उपयोग कर सकें। हर साल छोटे, बड़े और सीमांत किसानों के बैंक अकाउंट में ६००० रुपए डायरेक्ट जमा करने की व्यवस्था नरेन्द्र मोदी जी ने की है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले उर्वरक या खाद की कालाबाजारी होती थी और किसानों को उनका हक नहीं मिलता था, लेकिन मोदी जी ने नीम कोटेड यूरिया की शुरुआत करके खाद की कालाबाजारी को समाप्त कर दिया और अब प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दे रहे हैं। शाह ने सभी किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में करीब तीन लाख से ज्यादा किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। उन्होंने कहा कि एक गाय से २१ एकड़ की प्राकृतिक खेती होती है और यूरिया, कीटनाशक आदि पर कोई खर्च नहीं होता और उत्पादन में लगभग सवा गुना की वृद्धि होती है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी प्राकृतिक खेती की ओर जाने के लिए देश के किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। गृह मंत्री ने नलकांठा के युवाओं से अनुरोध किया कि वे अपने गांव में प्राकृतिक खेती कर रहे पांच या दस प्रगतिशील किसानों से बात करें और प्राकृतिक खेती के बारे में उनके अनुभव जानें।




# पीएम-जेएवाई लाभार्थी सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना में सबसे महत्वपूर्ण हितधारक हैं: डॉ. मनसुख मांडविया




पसूका/नई दिल्ली: केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिनांक २५.०६.२०२२ को केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद पॉल, उत्तराखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ डॉ. आर एस शर्मा की उपस्थिति में दो दिवसीय आरोग्य मंथन २०२२ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आरोग्य मंथन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के ४ साल और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के १ साल पूरे होने का प्रतीक है। डॉ. मनसुख मांडविया ने सबसे बड़ी वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना में पीएम-जेएवाई लाभार्थियों को सबसे महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि देश में ३३ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में १६ करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, और २४ करोड़ से अधिक एबीएचए नंबरों का सृजन किया गया है। यह देश में स्वास्थ्य रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन ४.५ लाख कार्ड बनाने की वर्तमान दर को बढ़ाकर १० लाख आयुष्मान कार्ड प्रतिदिन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं को प्रौद्योगिकी द्वारा सक्षम डिलीवरी श्रृंखला के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर केन्द्रित है। डॉ. मांडविया ने कहा कि पीएम-जेएवाई देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच के मामले में समृद्ध और वंचित वर्गों के बीच की खाई को पाटने में सफल रहा है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य की परस्पर क्रिया से देश में स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के माननीय प्रधानमंत्री के विजन को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षो में देश के प्रत्येक गांव को हाई स्पीड ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ दिया जाएगा, जिससे सभी तक कनेक्टिविटी और निरंतर स्वास्थ्य पहुंच सुनिश्चित होगी।

# देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं- राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर




पसूका/नई दिल्ली: सरकार की स्किल इंडिया पहल के हिस्से के रूप में, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) ने सैमसंग इंडिया के साथ एक स्किलिंग पहल के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य युवाओं की उद्योग प्रासंगिक कुशलता का विकास कर उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उनके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना है। कार्यक्रम, श्सैमसंग इनोवेशन कैंपसश का उद्देश्य भविष्य की तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा और कोडिंग और प्रोग्रामिंग में १८-२५ वर्ष की आयु के ३,००० से अधिक बेरोजगार युवाओं की कुशलता का विकास करना है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा अनुमोदित संस्था ईएसएससीआई अपने अनुमोदित प्रशिक्षण और शिक्षा भागीदारों के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करेगी। इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कौशल विकास का यह कार्यक्रम केवल युवाओं को रोजगार योग्य कौशल से लैस ही नहीं करेगा, बल्कि यह उनके रोजगार प्राप्त करने की क्षमता में वृद्धि कर उनके लिए समृद्धि के द्वार खोलने का कार्य करेगा।

## प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह हुए रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित




साभारः उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह को राजभाषा के उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार के लिए दिनांक २७.०६.२०२२ को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड वी.के. त्रिपाठी द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सिंह ने पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, खुर्दा रोड के पद पर कार्य करते राजभाषा को बढ़ावा देने में विशिष्ट भूमिका निभाई थी तथा वर्तमान में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वे उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में पूरे रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रगति-प्रसार के महत्वपूर्ण दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

## शशि भूषण ने संभाला वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक का पदभार



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. सिविल सेवा बैच २००५ के भारतीय रेल यातायात सेवा (IRTS) के अधिकारी शशि भूषण ने दिनांक २८.०६.२०२२ को प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। यह पद निवर्तमान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विपिन कुमार सिंह के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय स्थानान्तरण से रिक्त हुआ था। इससे पूर्व शशि भूषण उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/ मालभाड़ा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय का दायित्व निभा रहे थे। शशि भूषण ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में परास्नातक की उपाधि हासिल की। शशि भूषण की छवि एक तेज तर्रार अफसर की है एवं उन्होंने धनबाद मण्डल से सहायक यातायात प्रबंधक, चोपन के रूप में अपनी रेल सेवा प्रारम्भ की भूषण ने मण्डल यातायात प्रबंधक, बरकाकाना, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, सोनापुर, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, आगरा, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक झांसी एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/ मालभाड़ा के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है। शशि भूषण के उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/मालभाड़ा के कार्यकाल के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के मालभाणा लदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और रिकार्ड अर्जन हुआ।

**कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।**
**जार्ज इलियट**

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।
सहयोग राशिः
१. उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

